कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सोनभद्र

सरकारी वाहन की नीलामी की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जजशिप, सोनभद्र की सरकारी वाहन सं0– यू0पी0 70 पी /2454 (अम्बेस्डर कार) की नीलामी दिनांक 08.11.2019 को समय 1.30 पी.एम. पर जनपद न्यायालय, सोनभद्र के न्यायालय परिसर में सुनिश्चित की गई है। इच्छुक व्यक्ति उपर्युक्त वाहन को दिनांक–01.11.2019 से दिनांक–07.11.2019 की अवधि में समय 2.00 पी.एम. से 4.00 पी.एम. के मध्य वाहन का अवलोकन चुर्क स्थित जिला जज के आवास पर कर सकते हैं।

नीलामी की शर्तें

1. बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को नकद रुप में रु0 5,000/–सुरक्षा धनराशि के रुप में जमा करना होगा। उच्चतम बोलीकर्ता की सुरक्षा धनराशि को रोक कर शेष बोलीकर्ता की सुरक्षा धनराशि को नीलामी की तिथि को ही वापस कर दिया जायेगा।
2. उच्चतम बोलीकर्ता को उच्चतम बोली की धनराशि का 1/4 भाग तत्काल जमा करना होगा, अन्यथा सुरक्षा धनराशि जब्त करके दूसरे बोलीकर्ता को अवसर दे दिया जायेगा।
3. बोली को अनुमोदित करने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि अन्दर सप्ताह जमा करने के उपरान्त ही वाहन को उच्चतम बोलीकर्ता को सुपुर्द किया जायेगा। जमा सुरक्षा धनराशि को नीलामी की धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा।
4. नीलामी को स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

9.10.19

जनपद न्यायाधीश,
सोनभद्र।
09.10.2019